卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 174 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦4 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मकान में आग, दो लोग जिंदा जले

### लकड़ी से बने दो मंजिला मकान में देर रात लगी भीषण आग



देहरादून (उद संवाददाता)। विकास नगर अंतर्गत जौनसार बावर के सीमांत त्यूणी तहसील से जुड़े सुदूरवर्तीय डिरनाड़ गांव के पास से बगीचे में स्थित एक बागवान की लकड़ी से निर्मित दो मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीते रात की बताई जा रही है। डिरनाड़ बस्ती क्षेत्र से करीब 700 मीटर दूर कथियान निवासी राजू खत्री का बगीचा है। बगीचे की चौकीदारी के लिए राजू खत्री ने गणेश नामक व्यक्ति को रखा था। बताया जा रहा है बुधवार रात को चौकीदार गणेश के साथ उसका दोस्त मोहनलाल भी छानी में ठहरा था। इस दौरान लकड़ी से निर्मित मकान के किचन से सुलगी आग की चिंगारी ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। लकड़ी से निर्मित मकान में लगी भीषण आग की चपेट में आने से चौकीदार और उसके दोस्त दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना से राजस्व पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

## पिकप खाई में गिरने से चालक की मौत

### नाबालिग ने वाहन से कूदकर बचाई जान



देवप्रयाग(उद संवाददाता)। ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर सब्जी लेकर जा रहा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। घटना में वाहन चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि वाहन में सवार एक नाबालिग ने कूद कर अपनी जान बचाई। घटना देवप्रयाग थाना क्षेत्र में हुई है। देवप्रयाग थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि सुबह करीब चार बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर साकनिधार के (शेष पृष्ठ सात पर)

## ब्रेन हेमरेज से फायर कर्मी की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अग्निशमन विभाग में कार्यरत फायर कर्मी का ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में कोहराम मचा है वही





महकमे में भी शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से पिथौरागढ़ के धारचूला ब्लाक अंतर्गत ग्राम खेत निवासी 38 वर्षीय महेश सिंह बांग्याल पुत्र राजेन्द्र सिंह बांग्याल को एक सप्ताह पूर्व वसुंधरा ग्रीन स्थित निवास पर अचानक ब्रेन हेमरेज हुआ। जिस पर उन्हें किच्छा रोड स्थित निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। 30 मार्च को उनका आपरेशन हुआ लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। जिस पर उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया था।आज सुबह उन्होंने अस्पताल में (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच बार बिक गया बैंक में बंधक प्लाट

### मकान बनने के बाद रिकवरी का नोटिस देख भवन स्वामी के होश उड़े ,बैंक की भूमिका भी संदिग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी स्थित स्वागत इनक्लेव में धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। बैंक कर्मियों की मिलीभगत से प्लाट स्वामी ने बैंक में बंधक मकान धोखाधड़ी करके बेच दिया। इसके बाद प्लाट चार बार बिक गया। प्लाट पर जब मकान बनने के बाद बैंक से रिकवरी का नोटिस आया तो मकान स्वामी के होश उड़ गये। भवन स्वामी ने मामले में विक्रेता और पीएनबी बैंक कर्मियों के खिलाफ तहरीर दी है तहरीर के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हाउस न0 डी -13 स्वागत एनक्लेन भूरारानी निवासी मनोज कुमार पुत्र किशन चन्द्र कालरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने एक प्लाट संख्या डी 13 खसरा नं0 211/1 रकबा 167.28 वर्ग मीटर ग्राम भुरारानी में रजिस्ट्री वैनामा के जरिये श्रीमती आरती चन्द्रा पत्नी हिमाल चन्द्रा से 26 जुलाई 2021 को खरीदा था। प्लाट क्रय करने से पूर्व भूमि की खसरा खतौनी इत्यादि जाँच की गई तो उस पर कोई लोन इत्यादि की प्रविष्टी नहीं पाई गई। विक्रेता ने भी विश्वास दिलाया कि उक्त प्लाट पर कोई लोन इत्यादि नहीं है। प्लाट खरीदने के बाद उस पर 2022 में मकान का निर्माण पूर्ण कर लिया। मार्च 2023 को पीएनबी के कर्मचारी आए और मकान मे नोटिस चस्पा करने लगे, पूछने पर बताया इस प्लाट को मनीष गर्ग पुत्र आर0 के0 गर्ग द्वारा पीएनबी में लिए गए लोन के एवज में सन 2009 में बंधक रखा गया है और डिफाल्टर होने पर यह प्लाट को विक्रय किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि जब उसने जानकारी ली तो ज्ञात पता चला कि मनीष गर्ग ने यह प्लाट श्रीमती शशि लता अग्रवाल पत्नी भूपेन्द्र अग्रवाल को सन 2012 में (शेष पृष्ठ सात पर)

## तरसेम सिंह हत्याकाण्ड में पुलिस को बड़ी सफलता

### शाहजहांपुर से पकड़े बदमाशों के मददगार, एसएसपी आज करेंगे अहम खुलासा



नानकमत्ता(उद संवा)। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह हत्याकाण्ड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस हत्याकाण्ड को अंजाम देने की साजिश में शामिल लोगों तक पहुंच चुकी है। मामले में चार लोगों को पुलिस ने शाहजहांपुर क्षेत्र से हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि पकड़े गये लोग बदमाशों के साथ वारदात को अंजाम देने और उनके फरार होने में मददगार बने थे। जल्द ही हत्यारों को भी गिरफ्तार किये जाने की संभावना है। बता दें 28 मार्च को बाइक सवार दो बदमाशों ने डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गये थे। पुलिस घटना के बाद से ही बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कई राज्यों की खाक छान रही है। सीसी टीवी फुटेज के सहारे पुलिस बदमाशों की पहचान कर चुकी है। फिलहाल सूत्रों के मुताबिक पुलिस इस सनसनी खेज हत्याकाण्ड को अंजाम देने में शामिल रहे रहे लोगों तक पहुंच चुकी है। जिसका खुलासा एसएसपी आज दोपहर बाद नानकमत्ता थाने में करने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले दोनों बदमाश भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में आ सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने शाहजहांपुर क्षेत्र से कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गये ये लोग बदमाशों के फरार होने में मददगार रहे थे। वहीं थाने में कड़ी सुरक्षा में बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों को शह देने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। बता दें पुलिस ने हत्यारों की मदद करने वाले करीब (शेष पृष्ठ सात पर)

## छापे में बंद मिला सस्ता गल्ला डिपो,लाईसेंस होगा निलंबित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्ति विभाग की छापामार कार्रवाई के दौरान रम्पुरा वार्ड नंबर 7 स्थित सस्ता गल्ला की दुकान बंद मिली। दुकान खुलवाने पर वहां कई अनियमिततायें भी पायी गयी। मामले में पूर्ति निरीक्षक ने दुकान का लाईसेंस निर्लंबित करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा वार्ड सात में सतीश आर्य के



नाम से सस्ता गल्ला की दुकान आवंटित है। पूर्ति विभाग को इस डिपो पर अनियमितताएं और दुकान न खुलने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर गुरूवार को पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी और चन्द्रशेखर काण्डपाल ने दुकान पर औचक छापेमारी की तो दुकान बंद मिली। पता चला कि सस्ता गल्ला विक्रेता सतीश आर्य अपनी पत्नी रमा देवी का ईलाज कराने के लिए कई दिनों से ऋषिकेश गये हैं, पीछे से कई दिनों से दुकान बंद चल रही है, जिसकी विभाग को कोई सूचना और छुट्टी का प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया गया है। जांच करने पर पता चला कि गल्ला विक्रेता ने अप्रैल माह का राशन भी नहीं उठाया है। जबकि हर माह (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेता के घर ताबड़तोड़ फायरिंग

रूड़की (उद संवाददाता)। भाजपा नेता के घर के बाहर देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप मच गया। एक गोली घर के दरवाजे पर लगी, जबकि दूसरी गली घर के बाहर खड़ी कार में लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर में भाजपा नेता रॉबिन चौधरी का घर है। बुधवार रात करीब 11:30 बजे बाइक पर तीन नकाबपोश (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो पक्षों के बीच विवाद में चली गोलियां



किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नंबर 12 स्थित ईदगाह मैदान में देर रात दो गुटों के बीच हुए संघर्ष के दौरान दबंगों द्वारा हवाई फायर करने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। गोली चलने की सूचना पर देर रात्रि में ही कोतवाल सुंदरम शर्मा, एस आई मनोज कुमार दबल बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों गुटों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया । जानकारी के अनुसार गत रात्रि दो गुटों में पहले एक मेले में झगड़ा हुआ था जिसका की निपटारा कर दिया गया था किंतु उसके बाद एक गुट के व्यक्ति को दूसरे गुट के व्यक्ति द्वारा ईदगाह के पास घेर कर मारने पीटने को लेकर पुन: विवाद उत्पन्न हो गया तथा विवाद विवाद में एक गुट द्वारा फायरिंग कर दी गई जिससे वहां पर अफरा तफरी का माहौल बन गया जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा मय फोर्स के मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए कई लोगों को हिरासत में ले लिया तथा रात्रि में ही थाने ले आए। गिरफ्तार किए गए लोगों पर पहले भी फायरिंग करने और दहशत फैलाने जैसे आरोप लगते रहे हैं। पुलिस द्वारा जुबेर पुत्र हाजी शाहिद अहमद वार्ड नंबर 12 कक्षा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दो लोगों को शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने के विभिन्न धाराओं में नामजद किया है जिनमें मुख्य रूप से सलमान पुत्र वहीद कुरैशी निवासी वार्ड नंबर 15 कुरैशी (शेष पृष्ठ सात पर)

रस्म पगड़ी



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता जी **श्रीमति कैलाश रानी बब्बर** पत्नी स्व0 श्री चांद कुमार बब्बर का स्वर्गवास दिनांक 2 अप्रैल 2024 को हो गया है। जिनकी **रस्म पगड़ी दिनांक 05.04.2024 दिन शुक्रवार** को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक लक्ष्मी नारायण मंदिर,रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

स्व.ममता-बॉबी बजाज(पुत्री-दामाद) गुरूशरण बब्बर (शरणी)-मंजू (पुत्र-पुत्रवधु)
किरन-महेन्द्र चुघ(पुत्री-दामाद) शगुन,दिव्यांश,तनिष्का(पौत्री)
प्रियंका-तुषार त्यागी(दौत्री-दामाद) **प्रतिष्ठान-जय मॉ टेलीकॉम,हरि मन्दिर गली,रूद्रपुर मो**-9927928789
चिराग(दौत्रा),संजोली बजाज(दौत्री)

# जन-जन तक पहुंच रहा मोदी जी का प्रणाम : धामी





## सीमांत क्षेत्र भटवाड़ी में सीएम धामी ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद
## विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित चुनावी जनसभाओं में गिनाई उपलब्धियां

उत्तरकाशी/घनसाली/ झबरेड़ा(उद संवाददाता) । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज उत्तरकाशी के भटवाड़ी पहुंचे। जनसभा में जाते वक्त रास्ते में रैथल गांव के पास सीएम ने अचानक अपने काफिले को रोक लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर गांव वासियों की खुशी का जैसे कोई ठिकाना ही नहीं रहा। बुजुर्ग, युवा, माताएं-बहनें, बच्चे हर उम्र के लोग जैसे उनकी एक झलक पाने को लालायित थे। मुख्यमंत्री ने अपनी गाड़ी से उतरकर सबका अभिवादन किया। बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और हाथ जोड़कर सबका अभिनंदन किया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ एक सेल्फी लेने के लिए कहा। महिलाओं पहाड़ी में ही सीएम धामी से कहती दिखी कि भैजी अमारी दगड़ी सेल्फी ल्यिवा त" मुख्यमंत्री धामी ने भी उनकी खुशी का मान रखते हुए सभी के साथ सेल्फी ली। टिहरी। लोकसभा चुनाव को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी के घनसाली पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य बाजार में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं यहां पर पीएम मोदी का पैगाम लेकर आया हूं। उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आज हर किसी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि घनसाली वीरों की धरती है। टिहरी झील को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है। जी 20 समेलन टिहरी में आयोजित किया गया। यह हमारे लिए गौरव की बात है। परिवारवार को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन मुझे विश्वास है जनता इसका जवाब जरूर देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को चुनाव प्रचार अभियान में शिरकत करते हुए सीमांत क्षेत्र भटवाड़ी (उत्तरकाशी) में आयोजित रैली में सम्मिलित होकर जनता को संबोधित किया। इस अवसर पर देवतुल्य जनता से प्रचण्ड बहुमत के साथ भाजपा को विजयी बनाने के लिए अपील



की। सीएम धामी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों से देवभूमि उत्तराखण्ड का जन-जन लाभान्वित हुआ है। कांग्रेस ने वर्षों तक हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड की उपेक्षा की लेकिन मोदी जी ने उत्तराखण्ड के विकास के लिए जिस प्रतिबद्धता से कार्य किया है उसके लिए हम सभी राज्यवासी प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं। देवभूमि की देवतुल्य जनता "विकास, राष्ट्रवाद और सशक्त उत्तराखण्ड" की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए प्रचण्ड बहुमत के साथ पांचों सीटों पर कमल खिलाने के लिए तैयार है। सीएम धामी ने कहा कि आज सुबेर भटवाड़ी, उत्तरकाशी मॅ आयोजित जनसभा मॅ जाण बगत, रैथल गौं मॅ, गौं वालों कु उत्साह अ प्रेमन मितै ऊं दगड़ी रोक्याली। सबु दगड़ी तैं मिलीक मैण आशीर्वाद लिनी। हमरी माँ-बैण्यों मॅ जु उत्साह देखणकु मिली,तै बिटी उंकी खुशी कु अंदाजु लगे सकदां। उंका बीच मॅ जैकर यणी खुशी कु एहसास ह्वे, जणु एक भुला तैं अपणी बैण्यू दगड़ी मिलिक होंदु। आज भटवाड़ी में आयोजित जनसभा में जाने के दौरान रैथल गांव में गांववासियों के अपार उत्साह और प्रेम ने मुझे उनके पास रोक लिया। सीमांत क्षेत्र भटवाड़ी, उत्तरकाशी में आयोजित रोडशो में सम्मिलित होकर स्थानीय जनता से लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। इस दौरान जनता से मिले असीम स्नेह व अपार जनसमर्थन से अभिभूत हूँ। क्षेत्रवासियों के उत्साह को देख कर मैं आश्वस्त हूँ कि इस लोकसभा चुनाव में उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता न केवल भाजपा को जिताने जा रही है अपितु पिछली बार के जीत के अंतर का रिकॉर्ड भी तोड़ने जा रही है।इस दौरान सीएम धामी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुरांस के फूलों की माला से उनका भव्य स्वागत किया। **झबरेड़ा।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मतदाताओं से वोटिंग करने की अपील करते हुए कहा कि झबरेड़ा, हरिद्वार में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। प्रदेश की चुनावी जनसभाओं में उमड़ रहा जनसैलाब इस बात को परिलक्षित करता है कि इस लोकसभा चुनाव में डबल इंजन सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों पर जनता की विश्वास रूपी मुहर लगने जा रही है। मुझे विश्वास है कि इस चुनाव में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री छंतमदकतं डवकप जी के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी को वोट की चोट से सबक सिखाने का कार्य करेगी।

## हरक सिंह रावत की ज्वाइनिंग की अटकलें पर लगाया विराम

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत के भाजपा में शामिल होने की संभावना से इन्कार करते हुए कहा, हरक सिंह रावत की भाजपा की ज्वाइनिंग का सवाल ही नहीं है। कहा कि हरक



सिंह का निष्कासन केंद्रीय नेतृत्व ने किया है। उनकी ज्वाइनिंग के बारे में निर्णय केंद्र ही लेगा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट प्रदेश पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से हरक सिंह रावत के भाजपा में शामिल होने की संभावना से जुड़ी चर्चाएं गरमा रही हैं। सोशल मीडिया पर भी ऐसी खबरें खूब वायरल हो रही हैं। हरक सिंह रावत और उनकी पुत्र वधू अनुकृति गुसाईं ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। अनुकृति लैंसडौन विस सीट से 2022 में विस चुनाव लड़ी थी। वह अब कांग्रेस से इस्तीफा दे चुकी हैं। उनके इस्तीफा के बाद सियासी हलकों में इन चर्चाओं ने खासा जोर पकड़ा था कि वह भाजपा में शामिल हो जाएंगी। उनके साथ हरक सिंह की भी भाजपा में ज्वाइनिंग की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन भाजपा अध्यक्ष ने इन्कार कर इन अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की है।

## पांचों लोकसभा की सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी आम आदमी पार्टी

देहरादून(उद संवाददाता)। इंडिया गठबंधन की सहयोगी दल आम आदमी पाटी ने प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों का समर्थन करने की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा कि भाजपा की तानाशाही खत्म करने और लोकतंत्र बचाने को विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और आप प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने बुधवार को संयुक्त प्रेसवार्ता में भाजपा पर निशाना साधा। माहरा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के आने से कांग्रेस का मनोबल बढ़ेगा। 2022 के चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने अच्छा प्रतिशत हासिल किया था। सामूहिक चुनाव लड़ने से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को



इसका लाभ मिलेगा। पांचों सीटों पर चुनाव नतीजे सकारात्मक आएंगे। माहरा ने आरोप लगाया की केंद्र की भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई के माध्यम से कार्रवाई कर रही है। पीएम मोदी को सोचना चाहिए कि वे धमकी गलत समय पर दे रहे हैं। मोदी बताएं कि पूर्व में जिन नेताओं पर ईडी व सीबीआई का छापा मारा गया। उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। माहरा ने कहा जब जनता के हाथ कोई चीज आती है तो जाने वाली सरकार खाली हाथ जाती है। आप प्रदेश अध्यक्ष कलेर ने कहा कि आम आदमी पार्टी बूथ लेवल से चुनाव में जुटी है और पूरी मजबूती के साथ उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को चुनाव लड़ाएगी। जिला स्तर पर समन्वय समिति बनाकर कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व सभाओं में आप कार्यकर्ता पूरी तरह से भागीदारी करेंगे। इस मौके पर इंडिया गठबंधन के समन्वयक शीशपाल बिष्ट, आप के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, कांग्रेस मीडिया समन्वयक राजीव महर्षि मौजूद थे।

## बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

नानकमत्ता। धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या के सात दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। हालांकि पुलिस की ओर से यूपी, हरियाणा, पंजाब सहित पांच राज्यों में दबिश देने का दावा किया जा रहा है। पुलिस ने हत्यारोपियों पर इनाम बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दिया है। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि हत्या के मामले में डीआईजी स्तर पर सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह पर 25-25 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। अब इसे बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि यूपी, हरियाणा, पंजाब समेत पांच राज्यों में आरोपियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई चल रही है। हत्याकांड के खुलासे के लिए साइबर एक्सपर्ट को भी लगाया गया है। स्थानीय स्तर पर कई लोगों से लगातार पूछताछ जारी है।

## प्रधानमंत्री जी आये हैं और आते रहेंगे,सावधान उत्तराखंड!

### हरदा का तीखा तंज : उनके साथ तीन मानस पुत्र मंहगाई, बेरोजगारी और वैमनस्य आते हैं




हरिद्वार(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में हरिद्वार संसदीय सीट के विभिन्न क्षेत्रो में चुनाव प्रचार कर मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को भारी संख्या में बूथो पर पहुंचकर वोटिंग करने की अपील की। कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में रूद्रपुर में आयोजित पीएम मोदी की विजय शंखनाद चुनावी रैली के बहाने भाजपा पर फिर तीखा हमला बोला है। पूर्व सीएम की फेसबुक पोस्ट के अनुसार सावधान उत्तराखंड! प्रधानमंत्री जी आये हैं और आते रहेंगे, उनके साथ उनके तीन मानस पुत्र आते हैं। मंहगाई, बेरोजगारी और वैमनस्य, यह तीन माननीय प्रधानमंत्री जी के मानस पुत्र हैं। पहले से ही आप त्रस्त हैं, इन पुत्रों से आगे और त्रस्त न हों इसलिये प्रधानमंत्री जी को दूर से टाटा-टाटा, बाय-बाय कहने में ही उत्तराखंड का हित है। **बेटे वीरेंद्र के समर्थन में झोंकी ताकत :** बुधवार को पूर्व सीएम हरीश रावत और कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर घर घर जनसम्पर्क किया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश के छिद्दरवाला, नेपाली फार्म, श्यामपुर फाटक, श्यामपुर पुलिस चौकी, गुमानीवाला बाजार, मंशादेवी फाटक, हरिद्वार रोड सिटी गेट आईडीपीएल एम्स तिराहा पीडब्लूडी गेट, तिलक मार्ग, अम्बेडकर चौक, ऋषिकेश के घाट चौराहे, मुखर्जी, क्षेत्र रोड, देहरादून रोड से जीजीआईसी (हीरालाल मार्ग) तक जनसंपर्क के दौरान हरिद्वार लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्री वीरेंद्र सिंह रावत को समर्थन व आशीर्वाद देने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ताओ के साथ संवाद कर मतदान करने की अपील की।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरिद्वार में करेंगे रोड शो

देहरादून। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बृहस्पतिवार को चुनाव प्रचार गरमाने उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे में वह पिथौरागढ़ और विकासनगर में चुनावी जनसभाएं करेंगे। उनका हरिद्वार में एक रोड शो भी होगा। इसके अलावा बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, शक्ति केंद्र स्तर की महत्वपूर्ण त्रिदेव सम्मेलन एवं लोकसभा स्तर की चुनाव कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। रिस्पना पुल स्थित पार्टी के प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में पार्टी विधायक विनोद चमोली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चार अप्रैल को अल्मोड़ा लोकसभा के अंतर्गत पिथौरागढ़ के देव सिंह ग्राउंड में दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। उसी दिन



अपराह्न 3:00 बजे वह देहरादून के विकासनगर में बाजार चौक में जनसभा के माध्यम से पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे। उसके उपरांत शाम 4:30 बजे देहरादून में टिहरी लोकसभा की कोर कमेटी बैठक में शामिल होंगे। अपने प्रवास के दूसरे दिन नड्डा शुक्रवार को सुबह 10.50 बजे हरिद्वार स्थित माया देवी मंदिर आश्रम प्रांगण में साधु-संतों के साथ संवाद कर संतों का आशीर्वाद भी लेंगे। दोपहर 12:20 पर हरिद्वार शहर रोड शो में शिरकत करेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता सुनीता विद्यार्थी, हनी पाठक, कमलेश रमन और आईटी संयोजक अजीत नेगी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डीएम ने मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतगणना हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बगवाड़ा मंडी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी स्ट्रांग रूम की सभी खिड़किया बंद करने, विद्युत व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के साथ ही स्ट्रांग रूम के बाहर मेन स्वीच लगाने व स्ट्रांग रूमो में पैनी नजर रखने हेतु पर्याप्त सीसी टीवी लगाने व सीसी टीवी कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होने ईवीएम कन्ट्रोल रूम की मानको के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश नोडल पुलिस को दियेउन्होने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतदान सामाग्री वितरण एवं मतदान के बाद मतदान सामाग्री एवं ईवीएम जमा करने हेतु सुव्यवस्थित वैरिकेटिंग करने के निर्देश दिये ताकि मतदान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें। उन्होने कहा कि प्रत्येक विधानसभावार साईन बोर्ड व पूछताछ सहायकता केन्द्र बनाये जाये। उन्होने कहा कि मतगणना कक्षों में जाली लगाकर कवर करें तथा प्रत्याशी एजेंटों हेतु टेबलवार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। मतदान कार्मिक वेलफेयर डेस्क के साथ ही चिकित्सा काउंटर भी बनाया जाये। उन्होने कहा कि मतगणना दिवस हेतु मीडिया सेंटर हेतु स्थान चिन्हित कर पुरी व्यवस्थाए सुनिश्चित कर ली जाये। मीडिया सेंटर में पर्याप्त कुर्सी, टेबल एवं एलईडी आदि व्यवस्थाए भी सुनिश्चित करें। उन्होने अधिशासी अभियन्ता विद्युत व जल संस्थान को विद्युत एवं पेयजल व्यवस्थाए भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नोडल निर्वाचन/मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नोडल पुलिस चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, नोडल वैरिकेटिंग राजेन्द्र प्रसाद, एआरटीओ निखिल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शुक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



सितारगंज (उद संवाददाता)। श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर के छठे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। शाम को सुंदरकांड का पाठ होगा। 5 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर वार्ड नंबर 5 से महिलाएं सांस्कृतिक वेशभूषा पहने कलश यात्रा खटीमा रोड होते हुए मोनी बाबा मंदिर पहुंची जहां महिलाओं ने वहां से जल भरा और पुन: श्री शिव शक्ति दुर्गा मंदिर पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान भगवान भोलेनाथ मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया हो गया। इससे पूर्व सुबह गणेश पूजन के बाद भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक हुआ और मां दुर्गा का पूजन हुआ। पंडित दिनेश भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजन संपन्न कराया गया। इस मौके पर निवर्तमान सभासद एडवोकेट सभासद रवि रस्तोगी, महंत दुर्गा प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, संघ प्रचारक ऋषभ कुमार, राहुल रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, राधेश्याम रस्तोगी, रमन चंद्रा, प्रिंस रस्तोगी, सरोज रस्तोगी, हरीश रस्तोगी, रुक्मणी रस्तोगी, सुमन, नीलम, सुरभि, डोली, मनोज रस्तोगी आदि मौजूद रहे।


Vacancy for Teachers
Applications/Resumes are invited for various post of teachers and Other Staff:
1- P.G.T- English, Economics, Commerce
2- P.T.I.-To Maintain Games & Physical Activity
3- Sweeper-To clean School Building
Interested candidates may submit their Resume and walk in interview on
7 April 2024 Between 9 to 11:00 am
in the college campus.
Bhanjuram Amar Inter College
Bhurarani Rudrapur, U.S.Nagar, Mob.No-7618181888


## सार्वजनिक सूचना

श्री मनोहर सिंह पुत्र स्व श्री सुरेन्द्र सिंह (कोड U0530), आप को निर्गत आरोप पत्र के संबंध में संस्थापित घरेलू जांच की कार्यवाही में आपकी लगातार अनुपस्थिति के कारण जांच अधिकारी द्वारा आपको बचाव का एक और अवसर प्रदान करते हुए घरेलू जांच की अगली कायवाही दिनांक 05.04.2024 को निर्धारित की गई है। आप को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 04.04.2024 को साय: 05:00 बजे तक कारखाने के प्रवेश द्वार पर उपस्थित होकर जांच अभिलेख प्राप्त करके निर्धारित तिथि व समय के अनुसार जांच कार्यवाही में सहयोग करें।

सूचना जाने।
**कारखाना प्रबन्धक**
मै0 लुकास टीवीएस लिमिटेड,
प्लॉट नं 55, सेक्टर 11
टाटा वेंडर पार्क, सिडकुल, रुद्रपुर,
उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड -263153

# तमंचाव चाकू के साथ दो बदमाश दबोचे

काशीपुर। अवैध तमंचा कारतूस व चाकू के साथ पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने काली बस्ती मोहल्ला अल्ली खां कब्रिस्तान के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए उपरोक्त मोहल्ला निवासी नईम पुत्र सलीम को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इसी तरह श्मशान घाट के पास से पुलिस ने तुफैल बाग मोहल्ला कटोरा ताल निवासी राजीव मेहरा उर्फ बाबू पुत्र स्वर्गीय रमेश मेहरा को पड़कर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए दोनों आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।


आवश्यकता है
आटा मिल हेतु एक मुनीम की आवश्यकता है। जो मैनुअल और टैली में एकाउंट का जानकार हो। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
7500014444


# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रभावी आदर्श आचार संहिता के पालन करने को लेकर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे के निर्देश व पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष झिरौली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब का कारोबार करने में एक अभियुक्त को 72पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त नरेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह, निवासी- ग्राम पाना, तहसील काफलीगैर, के कब्जे से कभड़ा के समीप 24 पव्वे मैकडाउल रम व 48 पव्वे देशीसहित कुल 72 पव्वे अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर 60(1) आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भी हेड कांस्टेबल दलजीत सिंह पीआरडी ललित पंतआदि मौजूद थे।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।


# बंदरों की समस्या को घोषणा पत्र में शामिल करें राजनीतिक दल

गरुड़(उद संवाददाता)। कत्यूर घाटी में चल रहे बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान समिति ने किसी भी राजनीतिक दल द्वारा अपने घोषणा पत्र में बंदरों की समस्या को शामिल न करने पर आश्चर्य व्यक्त किया है। समिति ने इसे जनभावनाओं की अनदेखी बताया है। समिति के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी व संयोजक हरीश जोशी ने कहा है कि बंदरों के आतंक ने पर्वतीय क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करके रख दिया है और लोकसभा के आम चुनावों में मतदाताओं को लोक लुभावन विकास के सब्जबाग दिखा रहे राजनैतिक दलों ने इस गंभीर और जरूरी जन मुद्दे की सरासर अनदेखी की है। किसी भी दल ने बंदरों के आतंक की जन समस्या को अपने घोषणा पत्र का हिस्सा नहीं बनाया है। विदित रहे कि गरुड़ सिविल सोसाइटी के नेतृत्व में संचालित जन अभियान बंदर भगाओ खेती बचाओ ने पूरे पर्वतीय क्षेत्र के लिए विगत चार माह से एक नजीर पेश की है। इन दिनों लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण समिति ने सड़क व समुदाय स्तर का अभियान स्थगित किया है। समिति के संरक्षक एडवोकेट डीके जोशी व संयोजक हरीश जोशी ने एक बयान में आश्चर्य व्यक्त किया है कि मतदाताओं के बीच वोट की गुहार लगा रहे प्रत्याशी और राजनैतिक दल बंदरों के आतंक मुद्दे से कन्नी काट रहे हैं, जबकि हालत इतनी वीभत्स हो चुकी है कि कटखने बंदर आए दिन लोगों को लहूलुहान व घायल कर रहे हैं। खेती और अर्थव्यवस्था को चौपट करने में बंदर एक प्रमुख कारण बन गए हैं। ऐसे में पर्वतीय क्षेत्र लगभग चौपट ही हो गया है और लोगों की वोट से सत्ता की मलाई काट रहे राजनैतिक दलों को इस गंभीर जन समस्या से कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा है।

# बागेश्वर में पुलिस ने पकड़ा लाखों का सोना

## बैजनाथ पुलिस को चेकिंग अभियान के दौरान मिली सफलता

बागेश्वर/गरुड़(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस का चेकिंग अभियान तेज हो गया है।जगह जगह चुनाव आयोग की एफएसटी टीम और विभिन्न थानों की पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही है।वही बैजनाथ पुलिस ने 17 लाख रुपये की लागत का 231.66 ग्राम सोने के आभूषण पकड़ा है। पुलिस ने जेवरात को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले कोतवाली पुलिस ने अलग अलग चेकिंग अभियान में चार लोगों को लाखों की नगदी के साथ पकड़ा था। अब लगातार ये पुलिस काअभियान जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जनपद के समस्त थाना स्तर पर गठित पुलिस, एसएसटी, एफएसटी टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों, बैरियरों, जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले व्यतियों एवं वाहनों की सतर्कता एंव गहनता से सघन चेकिंग की जा रही है।वही थानाध्यक्ष बैजनाथ प्रताप सिंह नगरकोटी के नेतृत्व में थाना बैजनाथ पुलिस टीम मंगलवार की शाम गरुड़ स्थित पंचास तिराहे पर वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक व्यक्ति जो पीठ पर बैग लगाए हुए पैदल पैदल गरुड़ बाजार की ओर आ रहा था।आचार संहिता व संदिग्धता के मद्देनजर व्यक्ति से पूछताछकर उसके पास मौजूद बैग की चेकिंग की गई। जहाँ उसके पास से कुल 231.66 ग्राम के सोना जेवरात बरामद हुए। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 17 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए व्यक्ति से बरामद सोना जेवरात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर तथा वैध प्रमाण नहीं दिया गया, जिस पर पुलिस ने आदर्श आचार संहिता नियम से अवगत कराते हुए बरामद सोना जेवरात को नियमानुसार कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की गई।सूत्रों के मुताबिक सोने का कारोबार करने वाले बाहरी व्यापारी अधिक कमाई के चक्कर मे पहाड़ी क्षेत्रों में सोने के व्यवसाइयों को जीएसटी बचाने के लिए बिना जीएसटी के सोना बेच देते हैं।जिससे व्यवसाइयों को भी मुनाफा हो जाता है।वही अब चुनाव अधिकारी द्वारा मामले में सभी दस्तावेज मिलने और पलड़े जाते समय यदि जीएसटी सहित अन्य प्रकार से कोई कर छूटा हुआ मिला तो चुनाव आयोग के अधिकारी द्वारा इस पर सख्त कार्रवाई भी हो सकती है।वही पुलिस द्वारा जब्त किए गए सोने की जब्ती रसीद व्यापारी को दे गई है। पुलिस टीम में एसआई जीवन सिंह सामंत, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, राजेश भट्ट तथा विजय अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने डीएम और एसएसपी के साथ की बैठक

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन नैनीताल में आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने कुमाऊं आयुक्त से मंडल के विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना और एसएसपी पी. एन. मीणा से भी जिले की विभिन्न जानकारियां ली।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन नैनीताल में कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय, प्रो. दीवान सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्रों में हो रही प्रगति व नवाचारों से अवगत कराया। कुलपति प्रो॰ दीवान एस रावत ने इस वर्ष से प्रत्येक विभाग में स्नातकोत्तर कक्षाओं के दो छात्रों को प्रदान की जा रही प्रति माह 7500/- रुपये की वाइस चांसलर इंटर्न फेलोशिप, पीएम-उषा के अंतर्गत प्राप्त होने वाले 100 करोड़ के अनुदान, न्यू यार्क (यूएसए) स्थित कंपनी चार्ज सीसीसीवी (सीफोरवी) प्रदान की जा रही फेलोशिप, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड द्वारा 10 मेधावी छात्राओं के शिक्षण शुल्क को वहन करने की जिम्मेदारी और इंटर्नशिप की पेशकश किए जाने सहित अन्य जानकारी प्रदान की गई। इसी के साथ कुलपति ने विश्वविद्यालय में शोध, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पात्र शिक्षकों हेतु आरम्भ की गई आंतरिक अनुसंधान निधि, स्नातक/परास्नातक छात्रों के लिए टैलेंट हंट/प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत वित्त पोषण की शुरुआत के साथ ही डायरेक्टरेट ऑफ विजिटिंग प्रोफेसर्स के सन्दर्भ में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. संतोष कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, महादेवी सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष मौर्य ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शिष्टाचार भेंट कर अपनेख्रअपने विभाग के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई।



# सुमिरन से ही सफल हो सकता है जीवन

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री अद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम निकट रेड रोज स्कूल गदरपुर वाली कुटिया पर वार्षिक भंडारा कथा महाज्ञान यज्ञ साप्ताहिक कथा हुई जिसमें कुरुक्षेत्र से





पधारे पूजनीय संत श्री अगम पुरी जी महाराज जी द्वारा सत्संग किया गया। संत जी महाराज द्वारा बताया गया कि प्रभु का नाम सिमरन ही सबसे बड़ी प्रार्थना है,जो मनुष्य को हर स्वास स्वास जपना चाहिये यह मनुष्य का जीवन बहुत ही अनमोल है जो 84 लाख योनियों को भोगने के पश्चात ही मिलता है,इसलिए इस जीवन को सांसारिक भोग विलास में बर्बाद नहीं करना है।इस अवसर पर संत दयाल आत्मा नंद पुरी जी,संत परमानन्द पुरी जी महाराज, संत आत्म प्रेमा नन्द जी,संत त्याग पुरी जी , संत ध्यान पुरी जी.संत व्यास पुरी जी द्वारा बड़ा ही मार्मिक सत्संग कर संगत को निहाल किया गया। सत्संग के उपरांत अटूट लंगर का आयोजन किया गया । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मनोज गुंबर,मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक कुमार बजाज,राजेश मिगलानी,सुशील बजाज,अशोक मिगलानी,दर्शन ठुकराल,छन्नू कम्बोज,राकेश भुड्डी,सुभाष गुंबर, रमाकांत, ओमप्रकाश बाटला,राजकुमार मुंजाल,हंसराज ग्रोवर,वेद ठुकराल,ममता ठुकराल,राखी बजाज,सीमा,वीना मिगलानी, मनी बजाज, रिया बजाज, पारुल चावला, सिम्पी मिगलानी,रोजी पाल, मीनू पाल, ममता ग्रोवर,अमित खुग्गर, केवल खुग्गर, अजय ग्रोवर,उदय ग्रोवर, वेद ठकराल, सुशील बजाज,हीरा सिंह, दर्पण ठुकराल, गौरव बजाज आदि सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज को भेंट की पुस्तकें

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन ने राजकीय महाविद्यालय के छात्रों को लाइब्रेरी हेतु जीवन उपयोगी पुस्तके भेंट की हैं ,इन पुस्तकों में मोटिवेशन,विद्यार्थी जीवन, संघर्ष अपने विरुद्ध पुस्तकें शामिल हैं। संस्था के मीडिया टीम प्रभारी प्रदीप फुटेला ने कॉलेज की प्राचार्या शर्मिला सक्सेना को करीब डेढ़ दर्जन जीवन उपयोगी पुस्तकों का सैट प्रदान किया। इस दौरान प्राचार्य शर्मिला सक्सेना व लाइब्रेरी प्रभारी प्रभजोत कौर ने संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई धन नही है यदि बच्चे शिक्षित हैं तो कामयाबी के लिए उन्हें किसी के आगे हाथ नही फैलाना पड़ेगा। वह किसी भी क्षेत्र में जाकर खुद अपनी मंजिल बना सकते हैं । इस दौरान अशोक कुमार, तनुजा परिहार, सीमा फुटेला, जसपाल डोगरा,राकेश गुम्बर समेत कई लोग मौजूद रहे।



# दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान कराने के लिए दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में आगामी 8 से 10 अप्रैल तक दिव्यांग व बुजुर्ग (85 प्लस) अपसेंटी मतदाताओं को घर-घर मतदान कराने हेतु विकास भवन सभागार में मास्टर ट्रेनरो द्वारा मतदान टीमों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। नोडल कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जनपद में बुजुर्ग अपसेंटी मतदाता 580 व दिव्यांग अपसेंटी मतदाता 253 है और घर-घर मतदान कराने हेतु विधानसभावार पांच टीमें लगायी गयी है, इस तरह 09 विधानसभाओं में 45 टीमे घर-घर जाकर मतदान करायेगी, 05 टीमें रिजर्व में रखी गयी है। उन्होने मतदान टीमों से कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे गहनता से सीखे ताकि मतदान कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होने कहा कि दिव्यांगो व बुर्जुगो को उनके घर पर सावधानी से मतदान कराये व उसकी वीडियोग्राफी अवश्य करायी जाये। मतदान की गोपनीयता कतई भंग न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। मतदान कराने से पूर्व प्रत्याशी अथवा उनके अभिकर्ताओं को सूचना अवश्य दी जाये। नोडल प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल, नोडल अपसेंटी वोटर्स विवेक राय ने बताया कि मतदान से पूर्व मतदाता की आईडी जांच कर ली जाये, उसके उपरांत मतदान अधिकारी मतदान की घोषणा करेगें उसके बाद सभी प्रपत्र सावधानी से भरेगें तद्पश्चात मतदान करायेगें, मतदान की गोपनीयता बनाये रखेगें। इसलिए प्रशिक्षणों को गम्भीरता से ले व दक्ष होकर निर्वाध, निष्पक्ष, पारदर्शिता से मतदान कराना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा जो भी शंका हो उनका सामाधान प्रशिक्षण में ही कर ले ताकि मतदान में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा भारत निर्वाचन आयोग की गाईड लाईन का अनुपालन करेगें तथा आयोग द्वारा मान्य दस्तावेजों का सावधानी से परीक्षण कर नामावली से मिलाकर मतदान कराएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होने बताया कि मतदान के उपरांत वैग को सील कर एआरओ कार्यालय में जमा करायेगें। प्रशिक्षण में नोडल परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल वैलेट सुभाष गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा सहित मतदान अधिकारी, वीडियो ग्राफर आदि उपस्थित थे।



# जाम लगने से यात्री हो रहे परेशान

## हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को दिए नैनीताल में जाम से निपटने के लिए प्लान पेश करने के निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट में नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान शहर के अंदर लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को होने वाली परेशानियों के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने जिला प्रशासन को समस्या के निवारण के लिए चार सप्ताह में प्लान पेश करने के लिए कहा है। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी व एसएसपी ने कोर्ट को बताया कि बीते माह कोर्ट के निर्देशों पर नैनीताल के लिए बनाया गए वन वे ट्रायल ट्रैफिक प्लान लागू करके देखा गया जो असंभव था। रूट डायवर्जन के दौरान जहां स्थानीय व व्यापारियों को हल्द्वानी जाने के लिए एक से डेढ़ घंटा लगता था उन्हें कालाढूंगी से भेजने पर ढाई से तीन घंटे तक का समय लगा। इसकी वजह से प्रशासन, पुलिस सहित स्थानीय लोगों को भी कई समस्याओं से गुजरना पड़ा।मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार नैनीताल निवासी प्रो. अजय रावत ने हाईकोर्ट में प्रार्थनापत्र दायर कर कहा था कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया जाए। प्रार्थनापत्र में कहा गया कि नैनीताल में पर्यटक सीजन के दौरान आए दिन लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर के अंदरूनी मार्गों पर जाम लगने से स्कूली बच्चे व कर्मचारी तय समय पर स्कूल और कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे थे। अधिक जाम लगने से पैदल चलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जिला प्रशासन से कहा था कि नगर के लिए नया ट्रैफिक प्लान बनाएं। उसका ट्रायल करके रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें और जिलाधिकारी व एसएसपी भी सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहें। कोर्ट के पूर्व आदेश के क्रम में दोनों अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। उधर, हल्द्वानी में वर्कशॉप लाइन पर मंगलवार दोपहर जाम लगने से वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक यही स्थिति रही। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम लगा।

# पिथौरागढ़ के 292 प्राइमरी स्कूलों में टीचरों की कमी पर मांगा जवाब

नैनीताल। हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ के 292 प्राइमरी स्कूलों में अध्यपकों की कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा है कि ऐसे कितने स्कूल है जिनमें टीचरों की कमी है। ऐसे कितने स्कूल हैं जिनमें छात्र नहीं हैं और ऐसे कितने स्कूल है जिनके भवन जीर्णशीर्ण हालत में है। कोर्ट ने इसकी रिपोर्ट चार सप्ताह के भीतर तलब की है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार को भी रिपोर्ट देने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी राजेश पांडे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि पिथौरागढ़ जनपद में 292 ऐसे प्राइमरी स्कूल हैं, जिनमें एक-एक शिक्षक नियुक्त हैं। कुछ स्कूल ऐसे हैं जिनमें छात्रों की संख्या 11, 21, 24 हैं लेकिन उनमें अध्यापक नहीं हैं। कुछ स्कूलों के भवन खस्ताहाल हैं जो कभी भी गिर सकते हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति कराई जाए और स्कूल भवनों को सुधारा जाए। सुनवाई पर सरकार की ओर से कहा गया कि जिन स्कूलों में छात्र नही हैं और जिनमें छात्रों की संख्या कम रह गई है उनको दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

# जनता को भ्रमित कर रही कांग्रेस: अजय भट्ट

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना दस सालों का रिपोर्ट कार्ड देने के साथ ही आने वाले तीसरे टर्न का रोडमैप भी बता दिया है। भ्रष्टाचारियों पर अभी तक जो कार्रवाई हुई है वो तो सिर्फ ट्रेलर मात्र है। अगले पांच सालों में इससे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ नरेंद्र मोदी का कार्यकाल जहां खुली किताब है वहीं विपक्ष खासकर कांग्रेस के सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है और मतदाताओं को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करती है, इसलिए एक समुदाय के लिए ऐसे कानून बनाए जिससे देश के बहुसंख्यक खुद को दोयम दर्जे का नागरिक समझते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने का बाद सबका साथ, सब का विकास, सबका प्रयास नारा बुलंद हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बिना किसी भेदभाव के केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जब कि कांग्रेस के राज में सरकारी योजनाओं में मनीकट सबसे बड़ी समस्या थी। लेकिन मोदी के राज में जनता को सरकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि इस बार मोदी की लहर नहीं बल्कि आंधी है, जिसमें विपक्ष का किला ध्वस्त होना तय है। क्योंकि मतदाता मन बना चुका हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विपक्ष के कई राजनीतिक दलों का भविष्य तय करने वाला है। यह चुनाव दो विचारधारा का है एक तरफ परिवारवाद है और दूसरी तरफ राष्ट्रवाद है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए परिवारवादी कुनबा एकजुट हुआ है। लेकिन जनता विपक्षियों के मनसूबे नाकाम कर देगी। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने बुधवार को टुरना रिसार्ट प्रतापपुर, जोगीथर नगला, मझोला, वनगांव, सरपुड़, बाघा 54, बड़ी गांव व खटीमा में जनसभा और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य रूप से दान सिंह रावत जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, दान सिंह रावत, राजपाल सिंह, विमल मंडेला, गणेश ठुकराती, नंदन बिष्ट हिमांशु बेस्ट रमेश जोशी, रंजीत नामधारी सोमपाल मौर्य, सतीश गोयल आदि थे





# व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर आईआरएस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीविजिल व कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर जानकारियां ली। सीविजिल निरीक्षण के दौरान संजय जोशी ने बताया कि सीविजिल में अब तक 870 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमे से 833का निर्धारित समय में निस्तारित कर दिये गये है, 37 शिकायतें सही नही पाये जाने पर रद्द कर दिये गये है।उन्होने कन्ट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों से जानकारी ली।



सहायक नोडल कन्ट्रोल रूम उमाशंकर नेगी ने बताया कि टोल फ्री नं. 1950 में 04 हन्टिंग लाईने लगायी गयी है जिसमे 247 के आधार पर कार्मिक तैनात किये गये है। 1950 में अबतक 850 शिकायतें प्राप्त हुई जिसका निस्तारण कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त वोटर हैल्पलाईन पोर्टल एनजीएसपी में 863 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे से 860 का निस्तारण किया गया है व 03 का निस्तारण गतिमान है। प्रेक्षक द्वारा पंजिकाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक नोडल कन्ट्रोल रूम उमाशंकर नेगी, विपिन चरण मैसी, राघवेन्द्र प्रताप, दीपक बिष्ट व सीविजिल में नोडल गोविंद वर्मा, सचिन कुमार, संजय जोशी, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

# चोरी की बाइक सहित ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हीरानगर चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक शातिर आटो लिफ्टर को चोरी की मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दो अप्रैल को बंटी निवासी किशनपुर कालाढूंगी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मार्च को उसकी मोटर साइकिल संख्या यूके06 एएल 4795 जो सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के बाहर खड़ी की थी को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले में कार्रवाई करते हुए उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उ0नि0 विजय कुमार चौकी हीरानगर व का. हीरा नाथ द्वारा एक व्यक्ति को चोरी गयी मोटर साईकिल सहित उत्थान मंच की दीवार के पास हीरा नगर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गोपाल सिंह बिष्ट पुत्र लाल सिंह बिष्ट निवासी रामबाग बासखेड़ा गौलापार थाना चोरगलिया बताया। उसके पास से चोरी हुई उक्त मोटर साईकिल संख्या यूके06 एएल 4795 बरामद कर ली गई।



# डीपीएस में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना ग्रेजुएशन डे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल अपना 8 वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। ग्रेजुएशन समारोह का मुख्य अतिथि राज किशोर गुप्ता अंजनी टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड , विशिष्ट अतिथि सेशल्स की राजदूत श्रीमती ललाटियाना एकौचे , मॉरीशस के उच्चायुक्त एच डिलम के अलावा संस्थापक अध्यक्ष वैश्विक व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (भारत) डॉ.गौरव गुप्ता , ज्वैलर माइक्रोफाइनेंसिंग के एमडी आशु अग्रवाल, प्रसिद्ध ज्वेलर्स मनोज गुप्ता ,नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल , एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम आगन्तुक अतिथियों का भारतीय परम्परा का निर्वाह करते हुए स्वागत किया गया । कार्यक्रम में छात्रों द्वारा मनमोहन प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया । विशिष्ट अतिथि सेशल्स की राजदूत श्रीमती ललाटियाना एकौचे ने अपने उद्बोधन में विद्यालय में छात्रों और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं की तारीफ की और कहा देवभूमि उत्तराखंड अपनी संस्कृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है ।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर की आज से 7 वर्ष पूर्व ही इसकी नींव रखी गई थी और अपने शुरुआत के 7 वर्षों में दिल्ली पब्लिक स्कूल अनेक क्षेत्रों में अपना नाम रोशन किया है और यह पूरे रूद्रपुर के साथ साथ उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। श्री सिंह ने आगे कहा कि कुछ वर्ष पूर्व क्षेत्र में अच्छे स्कूलों का अभाव होने के कारण बच्चों को बाहर जाकर अपनी पढ़ाई करनी पड़ती थी। दिल्ली पब्लिक स्कूल के खुलने के बाद अब बच्चों को अनेक शैक्षिक और सहशैक्षिक गतिविधियों का लाभ रुद्रपुर में ही मिल रहा है। और हॉस्टल और डे बोडिंग खुलने से शहर के छात्रों का सर्वागीण विकास एक हो स्थान पर सम्भव हो पायेगा। इस अवसर पर सुरजीत सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी और कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया और इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य जन भी रहे।



# पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार में पकड़ी 33 लाख की नगदी

काशीपुर(उद संवाददाता)। संसदीय चुनावों के मद्देनजर क्षेत्र में सक्रिय आईटीआई पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर चेकिंग के दौरान एक शिफ्ट डिजायर कार के डैश बोर्ड से 33 लाख रूपयों की नगदी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक कार में तीन लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आईटीआई पुलिस आईजीएल फैक्ट्री के समीप दोहरी परसा के पास वाहनों की सघन जांच पड़ताल में जुटी थी इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर उधर से होकर गुजर रही एक काले रंग की शिफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 18 जी/4005 को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से पुलिस को 33 लख रुपए की नगदी बरामद हुई। कार में कुल तीन लोग सवार थे। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने अपना नाम आवास विकास काशीपुर निवासी मानवेंद्र दास पुत्र एमके दास, द्रोण बिहार काशीपुर निवासी अमित कुमार पुत्र गुलाब सिंह तथा तीसरे ने अपना नाम मोहल्ला जसपुर खुर्द थाना आईटीआई निवासी गुरदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह बताया। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह तीनों सुल्तानपुर पट्टी स्थित उत्तरांचल इस्पात नामक फैक्ट्री में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि यह रकम कंपनी की है। पुलिस टीम ने बाजपुर क्षेत्र में सक्रिय एफ एस टी टीम को मौके पर बुला लिया। कार की डैशबोर्ड से 500 रुपए के 6460 नोट यानी 32 लाख 30 हजार ,200 रुपए के ढाई सौ नोट 50 हजार,100 रुपए के 200 नोट कुल 20 हजार टोटल 33 लाख रुपए बरामद हुए। पूछताछ करने पर बरामद रकम के बारे में तीनों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका।



# राजपुरा में खुला कांग्रेस चुनाव कार्यालय

हल्द्वानी।राजपुरा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनावी कार्यालय का महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री मलय बिष्ट सहित समस्त कांग्रेसजनो द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर हेमंत बगड़वाल, महानगर महिला अध्यक्ष मधु सांगुरी, शोभा बिष्ट, त्रिलोक बनोली, हेमंत साहू, विक्रम रंधावा, धर्मवीर, अनिल कन्नौजिया , राधा आर्य, प्रीति आर्या, विपिन गुप्ता, मीमांश आर्य,सौरभ भट्ट , कौशलेंद्र भट्ट , सूरज प्रकाश, गोविंद बगड़वाल, दीप पाठक, विनोद कुमार,सुमित कुमार,सौरभ कुमार सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# उद्यान फार्म में चलाया मतदाता जनजागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार (नोडल स्वीप) के निर्देशन में स्वीप टीम तथा उद्यान विभाग के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, राजकीय उद्यान फॉर्म रुद्रपुर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में फॉर्म में कार्यरत कर्मचारी, मजदूर तथा उनके परिवारजन सम्मिलित हुए, जिसमें उनके द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान की अपील की गयी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी को मतदाता शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी व्यौमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध व स्वीप टीम के अन्य सदस्य पिकेंश, पारस आदि थे।



# एमके स्क्वायर ने किंगसफोर्ड अकादमी को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का 12वां मैच हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी में किंगसफोर्ड क्रिकेट अकादमी और एमके स्क्वायर क्रिकेट अकादमी के मध्य लीग मैच खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए किंगसफोर्ड क्रिकेट अकादमी ने 50 ओवरों में 9 विकेट पर 238 रन बनाएं। किंगसफोर्ड क्रिकेट अकादमी के तरफ से ध्रुव रावत ने 68 और ईशांत ने 78 रनों की पारी खेली। एमके स्क्वायर की तरफ से सुधांशु जोशी और कार्तिक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमके स्क्वायर की टीम ने 44 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। एमके स्क्वायर की तरफ से कप्तान यश यादव ने 116 रनों की नाबाद पारी खेली। कपिल रावत ने 38 और शौर्य श्रीवास्तव ने 45 रनों का योगदान दिया। एमके स्क्वायर की तरफ से करन रौतेला ने 3 विकेट लिए। एमके स्क्वेयर अकैडमी ने किंगसफोर्ड क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हरा कर दो अंक प्राप्त कर लिए हैं। मैच के अंपायर गुरजीत सिंह और यशवीर वशिष्ठ ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद नवाज द्वारा की गई।वही 13वां मैच डेन क्रिकेट अकादमी कुंडेश्वरी में चंडी क्रिकेट क्लब और गदरपुर क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। चंडी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 ओवरों में सभी विकेट होकर 227 रन बनाएं। जिसमें शौर्य नेगी ने 84, दक्ष नेगी ने 40 रनों का योगदान दिया। गदरपुर अकादमी की तरफ से सूरज मौर्य, रिकी मंडल और विशेष धामी 2-2 विकेट लिए।जवाब में गदरपुर क्रिकेट की पूरी टीम 91 रनों पर ऑल आउट हो गई। मात्र कप्तान विशेष धामी ने 28 रनों का और सूरज मौर्य ने 20 रनों का योगदान दिया। चंडी क्रिकेट क्लब की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए विजय रावत ने 5 विकेट लिए। प्रेमदीप और यश बिष्ट भी 2-2 विकेट लिए। मैच के अंपायर नमन गेरवाल और प्रभजोत सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर कादर खान,भारत पंत, मोहम्मद इकरार, हिमांशु कुमार उपस्थित रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नक्सली आतंक पर अंकुश

सुरक्षा बलों के तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है।उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं।दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था। लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

## स्वीप टीम ने झोड़ा चांचरी गाकर मतदाताओं को किया जागरूक

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के दूरस्थ गांव सलानी व सलखन्यारी में स्वीप टीम ने मतदान व मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। घर-घर जाकर मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर करवाए और शपथ पत्र भरवाया। इस मौके पर झौड़ा-चांचरी गाकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी उमेश जोशी के नेतृत्व में स्वीप टीम लाहुर घाटी पहुंची। घाटी के राइका सलानी में बच्चों के साथ झौड़ा-चांचरी ओ हो 19




अप्रैल दिन शत-प्रतिशत मतदान करुना...गाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। सलखन्यारी में महिलाओं ने चौपाल लगाकर इस बार शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। इस मौके पर पपेट शो के जरिए भी मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। इस दौरान डीएल वर्मा, सुरेश खोलिया, पुष्कर अल्मिया, मोहन भरड़ा, प्रधानाध्यापक नरेश पाल, बीएलओ नीतू परिहार आदि उपस्थित थे।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन



चीन ने हाल ही में एक बचकानी हरकत करते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को नए नाम देने की हरकत की है। इन नामों की सूची चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित भी कर दी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने यह सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी डाली हुई है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना अनैतिक दावा जताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि 'अरुणाचल भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। यदि मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वह मेरा हो जाएगा ? चीन ऐसी हरकत करते हुए 2017, 2021 और 2023 में भी जारी कर चुका है। चीन ने अरुणाचल क्षेत्र में अवैधानिक रूप से गांव बसाने के भी प्रयास किए हैं। चीन अपने मानचित्रों में भी अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश करता रहा है। चीन की इन हरकतों की शुरुआत तब हुई, जब 9 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। चीन की ये सब हरकतें उसकी विस्तारवादी नीति की कुटिल मंशाएं दर्शाती हैं। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के शिखर क्षेत्र त्सारी चू में गांव बसाने की कोशिश भी हुई थी। तिब्बत के दक्षिणी क्षेत्र जंगनान से जुड़ी नीति में भी कोई परिवर्तन नहीं किया है। चीन ने दृढ़तापूर्वक कहा है कि जंगनान क्षेत्र (जो कि भारत का अरुणाचल प्रदेश है) है, उसके साथ अरुणाचल प्रदेश के अस्तित्व को भी कोई मान्यता नहीं देता है। मसलन संपूर्ण अरुणाचल को चीन विवादित क्षेत्र मानकर चल रहा है। करीब तीन साल पहले चीन ने अरुणाचल की वास्तविक सीमा के करीब 4.5 किलोमीटर अंदर घुसकर 101 नए घर बनाकर पूरा एक गांव बसा लिया है। यह गांव अरुणाचल के सुबनसिरी जिले में बताया जा रहा है। इस गांव के बसाए जाने के रहस्य का खुलासा उपग्रह से ली गईं तस्वीरों से हुआ था। ये तस्वीरें 1 नवंबर 2020 की बताई जा रही हैं। इनमें यह गांव स्पष्ट दिखाई दे रहा है, जबकि इस समय से एक साल पहले लिए गए उपग्रह चित्रों में यह गांव नहीं है। मसलन गांव इसी समय-सीमा के भीतर बसाया गया है। साफ है, चीन पड़ोसी देशों की संपत्ति हड़पने की हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा में सुरक्षा के लिहाज से हमेशा शंका व संकट बने रहते हैं। हमारी गुप्तचर संस्थाएं भी सबसे ज्यादा इसी सीमा पर सक्रिय रहती हैं। बावजूद इतना बड़ा गांव बसा लेने की जानकारी एजेंसियों को नहीं मिली तो इस कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है ? जबकि पिछले दस सालों में हम उपग्रह से लेकर अन्य तकनीकी क्षेत्र में सक्षम हुए हैं। हालांकि बाद में उपग्रह विशेशज्ञों ने ही गांव बसा लेने की तस्वीरों की विश्वसनीय जानकारी दी थी। वस्तुत: अरुणाचल पर भारत का रुख शुरू से ही दो टूक रहा है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है। चीन ने ऐसी ही फिजूल की हरकत करते हुए 28 अगस्त 2023 को 'मानक मानचित्र' का नया संस्करण जारी किया था। इसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई भूखंडों को अपने नक्शे में चित्रित किया है। चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल, सिक्किम और भूटान क्षेत्रों में विभिन्न तरीकों से घुसपैठ करके भारत को परेशानी में डालने का काम पैदा करता ही है, साथ ही वह बीच-बीच में अपने नक्शे में भारतीय जमीन को दिखाकर दस्तावेजी बदलाव की हरकतें भी करता रहता है। लगता है उसके अजेंडे में अवांछित गतिविधियां जारी रखते हुए भारत को चिढ़ाने की आदत सी बन पढ़ गई है। स्वाभाविक है भारत ने इस हरकत का कड़ा विरोध किया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि 'भारतीय क्षेत्र पर बेतुका दावा करने से कोई हिस्सा चीन का नहीं हो जाता। चीन की यह पुरानी आदत है। लेकिन इससे मौके पर वास्तविकता बदलने वाली नहीं है। हमारी सरकार ठीक से जानती है कि हमारी सरहद कौनसी है।' यह कितनी हस्यास्पद बात है कि कोई देश पड़ोसी देश को उसकी सीमाएं बताने की हिमाकत कर रहा है ? चीन की ये हरकतें सीमाई विवादों को सुलझाने की बजाय और उलझाने का काम कर रही हैं। यह पूरी दुनिया जानती है कि अरुणाचल और अक्साई चिन भारत के अविभाज्य हिस्से हैं। लिहाजा अपनी मंशानुसार बनाया गया कोई भी मानचित्र जमीनी सच्चाई को बदल नहीं सकता। चीन ऐसी हरकतें लगातार दोहराता रहा है। उसने गूगल अर्थ से होड़ बररते हुए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा कुछ साल पहले शुरू की थी। जिसमें भारतीय भू-भाग अरुणाचल और अक्साई चिन को चीन ने अपने हिस्से में दर्शाया था। विश्व घ्मानचित्र खण्ड में इसे चीनी भाशा में दर्शाते हुए अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया गया था, जिस पर चीन का दावा पहले से बना हुआ है। वह अरुणाचल वासियों को चीनी नागरिक भी मानता है। उसने इसी क्रम में अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी करने की हरकत की थी। नतीजतन भारत ने इन खिलाड़ियों के साथ अन्य खिलाड़ियों को भी चीन जाने से रोक दिया था। यही नहीं चीन की एक साम्यवादी रुझान की पत्रिका में वहां की एक कम्युनिस्ट पार्टी के नेता का लेख छपा था कि भारत को पांच टुकड़ों में बांट देना चाहिए। अब सवाल उठता है कि भारत इस कुटिल मंशा का जबाव किस लहजे और भाशा में दे? यहां यह भी गौरतलब है कि साम्यवादी देशों की हड़प नीति के चलते ही छोटा सा देश चेकोस्लोवाकिया बरबाद हुआ। चीनी दखल के चलते बरबादी की इसी राह पर नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान हैं। इसी कारण चीन, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीइसी) बना रहा है, उसका लगातार विरोध स्थानीय नागरिक कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते चीन के पांच इंजीनियरों को हाल ही में एक आत्मघाती हमले में मार गिराया है। चीन ने पाकिस्तान में संरचात्मक विकास के बहाने कर्ज के जाल में फंसाकर बर्बादी के रास्ते खोले दिए हैं।चीन ने भूटान सीमा पर डोकलाम क्षेत्र में भी जबरन सामरिक महत्व की सड़क बनाने एवं भूटान की सीमा में दो किलोमीटर भीतर घुसकर गांव बसा लिया था। चीन ने नेपाल में भी 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया है। सुबनसिरी जिले की सीमा लंबे समय से विवाद का हिस्सा रही है। इसे लेकर सशस्त्र संघर्श भी हो चुका है।चीन की हमेशा ही कुटिल निगाह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर रही है। लेकिन अरुणाचल में हस्तक्षेप का प्रयास निरंतर बना हुआ है। 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी तवांग के मार्ग से ही असम तक पहुंचाई थी। भारत, चीन की इस चालाकी से अच्छी तरह से परिचित है। अतएव पिछले एक दशक में समूचे अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास को बहुत तेज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विकास को लगातार प्रोत्साहित कर रहे है। चीन के लिए यह विकास और भारत सरकार का दो टूक जबाव परेशानी का सबब बन रहा है। अरुणाचल प्रदेश से लगे सीमाई इलाकों में 63 सड़कें भारत सरकार बना रही हैं। इनमें से कई सड़के व पुल तैयार होने के साथ आवागमन के लिए भी खोल दिए गए हैं। नतीजतन भारतीय सैनिकों की सीमा तक पहुंच आसान हो गई है। सनद् रहे कि 1962 में सड़के नहीं होने के कारण ही भारतीय सेना को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था। चीन की घुसपैठ रोकने के लिए तवांग समेत अरुणाचल के अन्य सीमा क्षेत्र में भारत ने अपने सैनिकों की संख्या और हथियारों के जखीरे बढ़ा दिए है। इसलिए चीन जिस रास्ते से भी घुसने की कोशिश करता है, उसे सेना तत्काल माकूल जबाव दे देती है। हालांकि चीन की तरफ से भी अपने इलाके में लगातार सड़कें, पुल और सैनिक अड्डे बनाए जा रहे हैं।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**




# तालाब से मछली पकड़ने से मना करने पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंकुर पाल पुत्र ग्राम भूरारानी सीटीवन में स्थित तालाब से मछली पकड़ने से मना करने पर कुछ लोगों ने तालाब स्वामी व मजदूर पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। अंकुर पाल पुत्र दीनदयाल पाल निवासी वार्ड 24, रम्पुरा का कहना है कि उसके पिता का एक तालाब भूररानी सिटीवन में है। 25 मार्च की दोपहर पिता के पार्टनर जहीर तालाब पर मौजूद थे। उनके साथ काम करने वाला प्रेम पाल सिंह भी मौजूद था। तभी प्रेमपाल के करीबी तालाब पर पहुंचे और तालाब से मछली पकड़ने की कोशिश करने लगे।जहीर द्वारा उक्त लोगों को समझाया गया और मछली पकड़ने के लिए मना किया। लेकिन उक्त लोग जहीर के साथ गाली गलौच करते हुऐ मारपीट करने लगे। जहीर के फोन करने



पर पिता दीनदयाल पाल और ताहिर तालाब पहुंचे तथा लोगों को समझाया पर वो नहीं माने। लगभग 15 मिनट बाद 15 से 20 लड़के हाथो में लाठी, डन्डे एवं धारदार हाथियार लेस होकर तालाब पर पहुंच गयें और आते ही एक राय होकर पिता दीनदयाल पाल एव पार्टनर ताहिर और उनके पिता जहीर के साथ जान से मारने की नियत से जान लेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके पिता के मित्र की टाटा हैरियर यूके 06बीए 1801को बुरी तरह तोड़ दी। पिता के सिर पर एंव उनके पार्टनर के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया। जो मौके पर बेहोश हो गयें। हमलावर उनको अधमरा छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गयें। पिता को हम गम्भीर हालत में सरकारी अस्पताल लेकर गये जहाँ उनकी हालत गम्भीर बताते हुए चिकित्सक ने सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। जिनकी जान बचाने के लिए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया को बरेली से किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और धर्मस्थल ढहाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। पथराव में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, रामनगर कोतवाल समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया। पुलिस की जीप, जेसीबी, दमकल की गाड़ी दोपहिया समेत 70 से अधिक वाहन फूंक दिए गए। आंसू गैस के गोले दागने और लाठी चार्ज के बाद भी जब हालात काबू में नहीं आए, तो सबसे पहले अधिकारी जान बचाने के लिए मौके से भागे। पुलिस व निगम टीम जैसे-तैसे वहां से निकली। प्रशासन ने उपद्रवियों को देखते ही पैर में गोली मारने के आदेश दिए हैं। पिता-पुत्र समेत छह लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी। सरकारी जमीन हड़पने, मरे हुए व्यक्ति के नाम से शपथ पत्र देने, न्यायालय में मरे



हुए व्यक्ति के नाम से रिट डालने के मामले में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कोतवाली में तहरीर सौंपी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आईपीसी 417 और 120 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। 16 फरवरी को नैनीताल पुलिस ने अब्दुल मलिक समेत नौ लोगों के पोस्टर जारी किए थे। इस दौरान एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपियों के पोस्टर हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल जिले और सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए है।

# समाजसेवी दर्शन कोली भाजपा में शामिल




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे भाजपा के परिवार में इजाफा भी होता जा रहा है । भाजपा चुनाव कार्यालय पर विधानसभा प्रभारी प्रकाश हरबोला ने रम्पुरा के समाज सेवी दर्शन कोली को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई ।उन्होंने कहा कि भाजपा एक विशाल वट वृक्ष की तरह है जहां पर सभी लोगों को सम्मान दिया जाता है उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनना तय है और इस बार 400 पार का नारा सार्थक होगा। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद दर्शन कोली ने कहा कि वह भाजपा की रीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और इस चुनाव में पूरे मनोयोग से पार्टी का साथ देंगे और जन-जन तक भाजपा की आवाज को पहुंचाएंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने भाजपा में शामिल होने पर उन्हें शुभकामनायें दी। इस दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ, पूर्व मेयर रामपाल सिंह ,राम प्रकाश गुप्ता, राकेश सिंह ,राधेश शर्मा ,मनोज मदान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिलजोत सिंह बाजवा राज सिंह परगाई ,बबलू सागर ,राज कोली ,सनी पासवान, योगेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# दुधारू गाय दिलाने के नाम पर छह लाख ठगे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने दुधारू गाय दिलाने के ऐवज में एक महिला से छह लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर महिला ने संबंधित व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। आवास विकास कॉलोनी निवासी सविता पत्नी सूरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मनोज नैनवाल नाम के एक व्यक्ति ने उन्हें कामधेनू योजना के तहत उच्च नस्ल की दुधारू गाय दिलवाने की बात कही। जिसके ऐवज में उससे 6,00,000 लाख रुपये की रकम ले ली। ये रकम उसने किस्तों के



तौर पर मनोज नैनवाल को यूपीआई के माध्यम से दी। महिला ने आरोप लगाया कि मनोज नैनवाल पूर्व में भी ठगी के केस में पिथौरागढ़ जेल में बंद रह चुका है। जो कि 2022 में जमानत पर रिहा हुआ है। पीड़िता सविता ने बताया कि मनोज ने खुद को देश की एक बड़ी कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर बताया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रकम लेने के बाद से मनोज नैनवाल अपने घर और कार्यालय से फरार चल रहा है। इधर, कोतवाली पुलिस ने मनोज नैनवाल पर मुकदमा दर्ज किया है।

# दर्जनों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा में विधायक शिव अरोरा के समक्ष अन्य दलों के दर्जनो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक ने कहा देश में नरेंद्र मोदी के नाम की सुनामी चल रही और अन्य दलों के नेता लगातार भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम रहे हैं,वहीं रुद्रपुर में भी हमने ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र में हर जगह विपक्षी पार्टियों के नेताओं को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई है। भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। विधायक ने सभी का माला पहनाकर बीजेपी में स्वागत किया। उनका आह्वान किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को जीतने के लिए वह अपने-अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। इस दौरान शामिल होने वालों में तरुण सरकार, सुनील सरकार, दिलीप सरकार, प्रदीप सरकार, हिमांशु सरकार, मनोज सरकार, पंकज सरकार, शिव सरकार, जतिन सरकार, राहुल, अंकित सरकार, तुषार सरकार, नारायण सरकार, काजल सरकार, आदि लोग थे। वहीं इस दौरान कार्यक्रम में विधानसभा सहसंयोजक सुरेश कोली, भाजपा नगर मंत्री रोबिन विश्वास ,शिव कुमार राय ,प्रियंका विश्वास आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपाईयों ने डोर टू डोर किया जनसंपर्क



गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे डोर टू डोर अभियान की शुरुआत कर नैनीताल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में गली-मोहल्लों में जाकर भाजपा के पत्रको का वितरण किया एवं भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जनता को बताते हुए आगामी 19 अप्रैल को नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के हित में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा भारत देश के हित में किए गए कार्यों के द्वारा आम जनमानस भी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में बदल चुका है जिससे दो-डोर अभियान भी मात्र एक मतदान करने हेतु आमंत्रण सा लग रहा है और कार्यकर्ताओं और जनता का उत्साह बता रहा है कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,विधानसभा प्रभारी कमलेन्द्र विधानसभा विस्तारक खिमानंद जोशी,सुभाष गुंबर, नरेश हुड़िआ, मिन्टु गुंबर,रविंदर प्रधान, अभिषेक वर्मा,अरविंद पाल, राजू शर्मा, परमजीत सिंह पम्मा,वकुल अरोरा, निर्मल नारंग, आकाश कोचर, समन, प्रियांशु गुप्ता ,चिराग अनेजा,वंश कोचर, प्रभजोत, कृष्ण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ कल से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते आयोजन कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार व सचिव सरोज राय ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आगामी 5 अप्रैल को प्रातः 9बजे आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर से सैकड़ों महिलाओं द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। जो मंदिर सेप्रस्थान कर इंदिरा कालोनी, आदर्शकालोनी, काशीपुर बाईपास रोड,अग्रसेन चौक, डीडी चौक होते हुए किच्छा बाई पास रोड स्थित झील पहुंचेगी। जहां पर पूजा अर्चना के साथ सभी कलश में जल ग्रहण किया जायेगा। जिसके पश्चात महिलाएं पुनः भजन कीर्तन करते वापिस श्री दुर्गा मंदिर लौटेंगी। जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन रात्रि 9 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जायेगी। 6 अप्रैल दिन शनिवार को प्रातः 6 बजे से महानाम संकीर्तन का शुभारंभ किया जायेगा। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किए गए श्री तुलसी माता के पौधे से विधि विधान से महानाम ग्रहण कर आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर ससम्मान लाया जाएगा। जिसके पश्चात आमंत्रित कीर्तन मंडलियों द्वारा 9 अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल को प्रातः 6 बजे महानाम संकीर्तन को विश्राम देने के पश्चात ग्रहण किए गए महानाम को विधि विधान के साथ तुलसी माता पौध स्थल पर समर्पित किया जायेगा। 6 अप्रैल से प्रतिदिन प्रातः 11 से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद वितरित किया जायेगा। आयोजन कमेटी ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों मे सपरिवार पहुंचकर नाम रूपी महानाम पाकर जीवन सफल बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की तैयारियों मे कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार, सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय, रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, गौरांग विश्वास, प्रदीप गोलदार, श्यामल राय, करन मदक, विश्वजीत भगत, पाल, कौशिक पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल व पवित्र शील सहित वार्ड के सभी लोग जुटे हुए हैं।

# प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप के साथ कुंडा पुलिस ने दो और नशा कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर मंडी चौकी इंचार्ज मनोहर चंद्र, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह व चंदन सिंह को साथ लेकर क्षेत्र में वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे इसी दौरान बगैर नंबर की एच एफ डिलक्स मोटरसाइकिल पर फर्राटा भर रहे दो युवकों को पुलिस टीम ने शक के आधार पर रोक लिया। जामा तलाशी में पकड़े गए युवक के कब्जे से पुलिस को 51 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए नशा कारोबारियों ने अपना नाम बोबध वाला, थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी शौकेंद्र कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार तथा दूसरे ने अपना नाम कुंवर पाल पुत्र चंद्रपाल निवासी उपरोक्त बताया। पुलिस ने नशा कारोबारी से आवश्यक पूछताछ के बाद उनका एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।